# होली को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट, हुड़दंगियों पर रहेगी नजर

## विवादित स्थलों की सूची बनाने में जुटे थानेदार, रहेगी अतिरिक्त फोर्स, 24 फरवरी को बैठक कर प्लान किया जाएगा साझा

शाह टाइम्स

**रामपुर।** रमजान माह के बीच आने वाले होली के पर्व को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो गया है। अभी से थानेदार सभी विवादित स्थलों की सूची बनाने में जुट गए हैं। ताकि होलिका दहन के अलावा जिस दिन रंग होता है तो वहां पर अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की जा सके। इसके अलावा होली के मौके पर हुड़दंग करने वालों पर भी पुलिस की नजर रहेगी। पुलिस-प्रशासन ने अभी से चेतावनी देनी शुरू कर दी है कि रंगों के इस पर्व पर कानून व्यवस्था को खतरा बनने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। इस संबंध में जिले के आला अधिकारियों की मौजूदगी में 24 फरवरी को पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक बुलाई गई है। जिसमें डीएम-एसपी प्लान साझा करने के साथ ही सुरक्षा का खाका तैयार करेंगे। इस बार 18 फरवरी से बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई हैं, जो 12 मार्च तक चलेंगी। इसके अलावा 19 फरवरी से पवित्र माह रमजान की शुरूआत हो गई है। जिसमें पूरे माह मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं। आगामी पांच मार्च को होली का त्योहार है। रंगों के इस त्योहार से पहले होलिका दहन होगा। कई बार रंगों के इस पर्व पर हिंसक वारदातें हो चुकी हैं। मारपीट के साथ ही हत्या जैसी जघन्य घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। कुछ हुड़दंगी शराब के नशे में रंगों के इस त्यौहार को बदसूरत बना देते हैं। लिहाजा हर बार होली के मौके पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाते हैं। चूंकि इस बार रमजान माह में होली का पर्व आ रहा है, लिहाजा पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी विशेष सतर्कता बरत रहे हैं। सुरक्षा में किसी प्रकार की कोताही बरतने के मूड में नहीं हैं। रमजान और होली का पर्व शांतिपूर्वक निपट सके, इसके लिए दोनों समुदाय के संभ्रांत लोगों के साथ थानावार बैठक करने का सिलसिला शुरू हो चुका है। इसके अलावा पुलिस चेतावनी दे रही है कि होली के मौके पर कानून व्यवस्था के लिए खतरा बनने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। थानावार सभी विवादित स्थलों की सूची बनानी शुरू कर दी गई है। ताकि वहां पर अतिरिक्त फोर्स तैनात की जा सके। वहीं चेतावनी दी जा रही कि किसी भी धार्मिक स्थल पर रंग न डालें। सूची तैयार होने के बाद 24 फरवरी को डीएम-एसपी की मौजूदगी में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक होगी, जिसमे प्लान साझा करने के साथ ही सुरक्षा का खाका तैयार किया जाएगा।

> होली को लेकर अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई है। सभी विवादित स्थलों की सूची बनाई जा रही है। थानावार पीस कमेटी की बैठक करने के आदेश कर दिए हैं। इस संबंध में 24 फरवरी को एक महत्वपूर्ण बैठक भी बुलाई गई है।
>
> **अनुराग सिंह,**
> **अपर पुलिस अधीक्षक**

# उधार दी गई रकम मांगने पर सिर फोड़ा, की फायरिंग

## पुलिस को आता देखकर हमलावर हुए फरार, रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स

**रामपुर।** बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र में उधार दी गई रकम मांगने पर दबंगों ने तमंचे की बट मारकर युवक का सिर फोड़ दिया। आपसी समझौता होने के बाद भी दबंगों ने युवक के घर पर हमला बोल दिया और परिजनों को बुरी तरह से पीटा। इस दौरान दहशत फैलाने के लिए कई राउंड फायरिंग भी की, जिससे अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने पर पुलिस जब मौके पर पहुंची तो हमलावर फरार हो गए। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल कराया है। बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के सुभाषनगर डिबडिबा की रहने वाली अनीता देवी का कहना है कि उसके बेटे रोहित से परती कालोनी में रहने वाले आशू ने दस हजार रुपये उधार लिए थे। परसों जब रोहित ने आशू से अपने रुपये मांगे तो वह झगड़ा करने लगा। आरोप है कि उसने तमंचे की बट मारकर रोहित का सिर फोड़ दिया। सूचना पर पहुंची परिजन रोहित को लेकर कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने रोहित का मेडिकल कराया। इसके बाद मोहल्ले के लोगों ने समझौता कराने की बात कहते हुए रिपोर्ट दर्ज नहीं होने दी। आरोप है कि समझौता होने के बाद भी सभी आरोपियों ने घर पर हमला बोल दिया। घर में घुसते ही उन्होंने मौजूद लोगों के साथ जमकर मारपीट की। दहशत फैलाने के लिए फायरिंग कर दी। जिससे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। क्षेत्रीय लोगों द्वारा सूचना मिलने पर पुलिस भी आ गई। जिस पर हमलावर धमकाते हुए फरार हो गए। अनीता ने इस मामले में बिलासपुर कोतवाली में परती कालोनी निवासी आशू, पंकज, प्रेम, सनिया, प्रथम सिंह वह छह अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# मानसिक रूप से कमजोर बालक घर के बाहर से हुआ लापता



शाह टाइम्स

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव गिलक खोद से मानसिक रूप से कमजोर एक बालक रहस्यमय ढंग से लापता हो गया परिजनों ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी है पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। शनिवार को मिलकखोद निवासी राजू का 14 वर्षीय पुत्र विवेक जो मानसिक रूप से कमजोर है शुक्रवार की सुबह से ही रहस्यमय ढंग से लापता है लापता बालक के पिता राजू ने पुलिस को बताया कि आसपास के गांव और रिश्तेदारी में तलाशा गया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है पूर्व में भी बिना बताए घर से जा चुका है। इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

# सात साल की अरीबा ने रखा पहला रोजा



शाह टाइम्स

**शाहबाद।** माहे रमजान के मुबारक मुकद्दस महीने का अरीबा ने पहला रोजा रखा ओर पूरे दिन आल्हा की इबादत की जहां पर बड़े बुजुर्गों ने पूरा दिन इबादत में गुजारा वही ग्राम चकरपुर भूड निवासी भाजपा मंडल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा डॉक्टर राशिद अल्वी की,सात वर्षीय बेटी अरीबा अल्वी ने भी पूरे उत्साह के साथ रोजा रखा इस छोटी बच्ची ने सुबह सेहरी में रोजे की नियत की और दिनभर सब्र के साथ रोज पूरा किया इस मौके पर अरीबा अल्वी के वालिद राशिद अल्वी ने गांव के लोगों का इफ्तारी का इंतजार भी किया।

# बच्चों के विवाद में दबंगों ने घर पर किया हमला, परिजनों को पीटा

## घर के पुरुष को थाने भिजवाने के बाद की वारदात, रिपोर्ट

शाह टाइम्स

**रामपुर।** बच्चों के विवाद में दबंगों ने एक ग्रामीण के घर पर हमला बोल दिया। हमला बोलने से पहले दबंगों ने ग्रामीण को पुलिस बुलाकर थाने भिजवा दिया था। उसकी गैरमौजूदगी में घर पर हमलाकर ग्रामीण की पत्नी व बच्चों को बुरी तरह से पीटा। जान से मारने की नीयत से पत्नी पर चाकू से वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर-शराबा होने पर ग्रामीणों ने किसी तरह से बीच-बचाव कराया। महिला का गंभीर हालत में जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। थाना पुलिस ने जब सुनवाई नहीं की तो पीड़ित ने एसपी से गुहार लगाई। एसपी के आदेश के बाद टांडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। टांडा थाना क्षेत्र के ग्राम लांबाखेड़ा निवासी नबी अहमद का कहना है कि 15 फरवरी को बच्चों को लेकर गांव के यूनुस और माहेनूर से विवाद हो गया था। उस वक्त ग्रामीणों ने किसी तरह से बीच-बचाव करा दिया था। बताते हैं कि 18 फरवरी को माहेनूर का पति यूनुस उसके साथ गाली-गलौच करने लगा। इतना ही नहीं खुद फोन करके पुलिस को बुला ली। जिस पर पुलिस नबी अहमद को पकड़कर थाने ले गई। नबी अहमद का आरोप है कि इसके बाद सभी दबंगों ने धारदार हथियार लेकर घर पर हमला कर दिया और गालियां बकने लगे। नबी अहमद की पत्नी अमीर जहां ने जब विरोध किया तो सभी ने उसे बुरी तरह से पीटा। आरोप है कि चाकू से वार कर उसे लहुलुहान कर दिया। घर में मौजदू छोटे बच्चों ने जब मां को बचाने का प्रयास किया तो हमलावरों ने उनको भी पीटा। शोर-शराबा होने पर ग्रामीणों ने किसी तरह से परिजनों को बचाया। जिस पर सभी धमकी देते हुए फरार हो गए। पत्नी घायल हालत में टांडा थाने पहुंची और मामले की जानकारी दी। जिस पर पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया, हालांकि कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की। नबी के अनुसार मौजूदा समय में पत्नी का गंभीर हालत में जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। थाने में सुनवाई न होने पर पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र दिया। एसपी के आदेश पर टांडा थाने में ग्राम लांबाखेड़ा निवासी यूनुस, माहेनूर, जलीस और अली अहमद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं



शाह टाइम्स

**रामपुर।** जनपद रामपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी रामपुर एवं पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा तहसील टांडा में जनसुनवाई की गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। अधिकारियों ने प्राप्त प्रार्थना पत्रों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समाधान समयबद्ध और प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित न्याय एवं राहत उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सम्पूर्ण समाधान दिवस के माध्यम से जनता की समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन की भावना को मजबूत किया जा रहा है।

# रामपुर पुलिस के अभियान में महिला अपराध के दोषियों को 20 साल कैद

शाह टाइम्स

**रामपुर।** जनपद रामपुर पुलिस ने ‌ऑपरेशन कन्विक्शन‌ अभियान के तहत महिला से जुड़े गंभीर अपराध में दो दोषियों को न्याय दिलाने में सफलता हासिल की है। विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट, रामपुर ने दोनों अभियुक्तों को धारा 376डी भादवि के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास और प्रत्येक पर ?50,000/- का अर्थदंड सुनाया।घटना 12 सितंबर 2019 की है, जब अभियुक्तों ने वादिनी की पुत्री के साथ गैंगरेप किया, इसका वीडियो बनाया और जान से मारने की धमकी दी। मामला थाना कोतवाली, रामपुर में दर्ज किया गया था। अभियुक्त हैं नावेद पुत्र हसरत अली और अब्दुल हसन पुत्र मोहब्बे अली। उ‌ रढ सत्यजीत गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित और निष्पक्ष विवेचना संपन्न की और आरोप पत्र न्यायालय को भेजा। मॉनिटरिंग सेल द्वारा प्रकरण की निरंतर समीक्षा की गई और अभियोजन कार्यवाही को प्रभावी ढंग से संपन्न कराया गया। न्यायालय ने दोषियों को सजा सुनाई और 67 आईटी एक्ट एवं 3(2)श ़/र३ अ३ में दोषमुक्त किया। जनपद पुलिस ने इस कार्रवाई के माध्यम से अपराधियों के खिलाफ कठोर कदम उठाने और पीड़ितों को न्याय दिलाने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

# जिला सहकारी बैंक की 35वीं वार्षिक बैठक आज

शाह टाइम्स

**रामपुर।** रामपुर जिला सहकारी बैंक लि., रामपुर की 35वीं वार्षिक सामान्य निकाय बैठक का आयोजन 22 फरवरी 2026 (रविवार) प्रातः 11 बजे किया जाएगा। यह कार्यक्रम बैंक सभागार, जिला सहकारी बैंक लि., सिविल लाइंस, रामपुर में आयोजित होगा। बैठक की अध्यक्षता बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान) बलदेव सिंह औलख शामिल होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में बैंक की वार्षिक कार्यप्रणाली, वित्तीय स्थिति एवं भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में बैंक के सदस्य, अधिकारी एवं कर्मचारी भाग लेंगे।

# पुलिस कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई



शाह टाइम्स

**रामपुर।** जनपद रामपुर में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय पर प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों को अपनी बात सीधे उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिलता है, जिससे समस्याओं के त्वरित समाधान में सहायता मिलती है। प्रशासन ने आश्वस्त किया कि प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# श्री हरि सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया माता-पितृ पूजन दिवस





शाह टाइम्स

**रामपुर, :** हरि सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में आज बच्चों द्वारा माता-पितृ पूजन का हृदयस्पर्शी कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों ने पूरी श्रद्धा और स्नेह के साथ अपने माता-पिता का पूजन किया और उनका आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर विद्यालय ने बच्चों को अपनी जड़ों और पारिवारिक मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया। आरती की थाल सजाकर और माता-पिता के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करते हुए बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया, जिसे देखकर उपस्थित सभी अतिथियों का मन प्रफुल्लित हो गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश कुमार के कुशल नेतृत्व में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बच्चों को संस्कार से जोड़ने में शिक्षकों का भी विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम में जयप्रकाश जी, पूजा जी, पूनम जी और सृष्टि जी सहित सभी अध्यापकगण सक्रिय रूप से शामिल रहे।

विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों के अथक प्रयासों के कारण ही बच्चे अपनी संस्कृति और माता-पिता के प्रति सम्मान की भावना को आत्मसात कर पा रहे हैं। कार्यक्रम ने यह संदेश भी दिया कि संस्कारों के माध्यम से ही हम एक बेहतर और सेवाभावी समाज की कल्पना कर सकते हैं।

# पनवड़िया में लगेगा विशेष न्याय एवं जनसेवा शिविर

शाह टाइम्स

**पनवड़िया।** आम नागरिकों को त्वरित, सस्ता और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से सद्भावना मण्डप, पनवड़िया में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। अपर सिविल जज (प्रवर) एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री संदीप सिंह ने इस बारे में जानकारी दी। शिविर प्रातः 10:00 बजे शुरू होगा और इसमें राजस्व विभाग, श्रम विभाग, पंचायतीराज विभाग, जिला विकास/खण्ड विकास विभाग, आवास एवं नगर विकास विभाग, डूडा विभाग, आईटीआई, पुलिस विभाग, कृषि विभाग, बैंक, युवा कल्याण विभाग, वन विभाग, विद्युत वितरण विभाग, खनन विभाग, नगर पालिका परिषद, समाज कल्याण विभाग, कौशल विकास विभाग, जलशक्ति विभाग, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला एवं बाल कल्याण विभाग एवं खाद्य सुरक्षा एवं रसद विभाग सहित अन्य विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इस शिविर में आम नागरिकों को निःशुल्क विधिक परामर्श, लोक अदालत संबंधी जानकारी, प्रमाण-पत्र हेतु मार्गदर्शन, सरकारी योजनाओं का पंजीकरण और अन्य जनकल्याणकारी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाएं, क्योंकि ‌त्वरित, सस्ता एवं सुलभ न्याय प्रत्येक नागरिक का नैतिक अधिकार है।

# शाहबाद में दो गिरफ्तार शांति भंग के आरोप में न्यायालय में पेश



शाह टाइम्स

**शाहबाद ।** पुलिस ने शांति भंग के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया इन अभियुक्तों को शनिवार को संबंधित न्यायालय में पेश किया गया गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान लखमीचंद (32 वर्ष) पुत्र मनसुख और नैपाल सिंह (36 वर्ष) पुत्र गंगा प्रसाद के रूप में हुई है। ये दोनों शाहबाद थाना क्षेत्र के टांडा गांव के निवासी हैं। पुलिस ने उन्हें भारतीय न्याय संहिता के तहत हिरासत में लिया गया। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन और शाहबाद क्षेत्राधिकारी देवकी नंदन के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पेश किया।

# हत्या के आरोप में दंपत्ति समेत चार बरी

शाह टाइम्स

**रामपुरः** हत्या के आरोप से एक ही परिवार के चार लोगों को कोर्ट से राहत मिली है। तीन साल पहले केमरी थाना क्षेत्र में हुई इस वारदात में चारों को बरी कर दिया गया। घटना ग्राम जिवाई जदीद की है। शिकायतकर्ता मुकेश कुमार ने केमरी थाने में तहरीर दी थी कि उनका बेटा 22 वर्षीय यश कुमार सिंह, जो गदरपुर, उत्तराखंड में काम करता था, घटना की शाम घर आया था। इसी दौरान गांव के ही जगवीर सिंह और उनके परिवार के लोगों ने मिलकर बेटे पर लोहे की रॉड, तलवार, फरसा और ईंट-पत्थर से हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने जगवीर सिंह, उनकी पत्नी स्नेहा उर्फ शशि, और उनके तीन बेटों सुधीर, धीरेंद्र, रुपेंद्र तथा दामाद रिंकू को नामजद किया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने धीरेंद्र और रुपेंद्र के नाम प्राथमिकी से हटा दिए। तीन माह की जांच पूरी कर बाकी चारों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया गया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद दंपत्ति समेत चार लोगों को बरी कर दिया, जिससे उन्हें कानूनी राहत मिली।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाः 1050 जोड़ों ने थामा जीवनसाथी का हाथ




शाह टाइम्स

**रामपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद के महात्मा गांधी स्टेडियम (फिजिकल ग्राउंड) में भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 1050 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, जिला प्रभारी राजा वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, ब्लॉक प्रमुख मिलक अर्चना गंगवार एवं ब्लॉक प्रमुख बिलासपुर कुलवंत सिंह औलख ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हिंदू रीति-रिवाज से विवाह संपन्न कराए गए, वहीं मुस्लिम समुदाय के जोड़ों का निकाह भी धार्मिक परंपराओं के अनुसार सम्पन्न हुआ। पूरे आयोजन में सामाजिक सौहार्द और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद, समृद्ध और मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए महत्वपूर्ण पहल है, जिससे उन्हें सम्मानपूर्वक विवाह का अवसर मिल रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्यक्रम को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किया गया। सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को निरंतर सहयोग प्रदान कर रही है। कार्यक्रम के दौरान सभी नवदंपत्तियों को शासन द्वारा निर्धारित उपहार सामग्री एवं सहायता राशि भी प्रदान की गई।

# लिथुआनिया के उप विदेश मंत्री से मिले नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां

## एआई सहयोग, लोकतांत्रिक मूल्यों और व्यापारिक साझेदारी पर हुई चर्चा



शाह टाइम्स

**रामपुर।** पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन के दौरान लिथुआनिया के विदेश मामलों के उप मंत्री तौरिमास वेलिस से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर लिथुआनिया के अर्थव्यवस्था एवं नवाचार मंत्री एडविनास ग्रिक्सस तथा भारत में लिथुआनिया की राजदूत डायना मिकेविचिएन भी मौजूद रहीं। मुलाकात के दौरान उप विदेश मंत्री ने कहा कि जिम्मेदार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शुरूआत एक मजबूत सार्वजनिक क्षेत्रीय ढांचे से होती है। उन्होंने एआई के संभावित जोखिमों से लोकतंत्र और कानून के शासन की सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर बल दिया तथा साझेदार देशों को ह्वविलनियस कन्वेंशनह्व से जुड़ने का आमंत्रण दिया। बैठक में लिथुआनिया के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में एआई के उपयोग और सुशासन को आमजन के लिए सुलभ बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों पर भी चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त यूरोपीय संघझभारत मुक्त व्यापार समझौते और उच्च मूल्यवर्धित क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। नवेद मियां ने बताया कि लिथुआनियाई प्रतिनिधिमंडल ने एआई क्षेत्र में महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिका को विशेष महत्व दिया और भारत में इसे प्रोत्साहित करने में लिथुआनियाई दूतावास की सक्रिय भूमिका की सराहना की। यह मुलाकात भारत और लिथुआनिया के बीच तकनीकी, आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों को नई दिशा देने की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# 1 नफर वारंटी को गिरफ्तार किया



शाह टाइम्स

**स्वार।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई ।पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शुक्रवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अभियुक्त भगवान दास पुत्र दुर्गा निवासी गम्मन पुर को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0अभिनव देशवाल, का0,राजन चोधरी ,अंकुल कुमार आदि मौजूद रहे।

# बरेली में प्रस्तावित प्रशिक्षण सत्र को लेकर एसपी ने की गोष्ठी, दिए आवश्यक निर्देश



शाह टाइम्स

**रामपुर।** जनपद रामपुर में पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी 22 फरवरी 2026 को बरेली में आयोजित होने वाले एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के दृष्टिगत समस्त पैरोकारों एवं कोर्ट मोहर्रिरों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक के दौरान अधिकारियों ने न्यायालय से संबंधित कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता और पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने वाले अभिलेखों, केस डायरी, साक्ष्यों एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों को पूर्ण एवं त्रुटिरहित रखा जाए, ताकि वादों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब न हो। अपर पुलिस अधीक्षक ने पैरोकारों एवं कोर्ट मोहर्रिरों को प्रशिक्षण सत्र में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा वहां प्राप्त दिशा-निर्देशों को व्यवहार में लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि न्यायालयीन कार्य पुलिस व्यवस्था का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गोष्ठी में न्यायालय से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा भी की गई तथा निर्देशित किया गया कि समन, वारंट और अन्य न्यायालयीय आदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य न्यायालयीन कार्यों को अधिक सुव्यवस्थित, प्रभावी और परिणामोन्मुख बनाना है, ताकि अभियोजन प्रक्रिया को सशक्त किया जा सके और दोषियों को समयबद्ध दंड दिलाया जा सके।

# नन्ही सी उम्र, अज्मे-इबादत बुलंद

## सात साला अलविया खान का दूसरा रमजान भी रोजों के नाम



शाह टाइम्स

**रामपुर।** माह-ए-रमजान की रूहानी फि जाओं में जहाँ बड़े इबादत और तअल्लुक-ए-इलाही में मशगूल हैं, वहीं जनपद रामपुर की एक नन्ही सी बच्ची ने अपनी मासूमियत और पुख़्ता इरादे से सबका दिल जीत लिया है। सात वर्षीय अलविया खान लगातार दूसरे साल रोजे रखकर इबादत की ऐसी मिसाल पेश कर रही हैं, जो काबिले-तारीफ है। अलविया, मोहल्ला मोती मस्जिद निवासी युसरा खान की साहिबजादी और वरिष्ठ समाजसेवी जावेद खाँ की नवासी हैं। एक दीनी और समाजी खिदमात से जुड़े घराने में परवरिश पाने वाली अलविया की शख़्सियत में बचपन ही से तहजीब, अदब और इबादत का रंग झलकता है। जावेद खाँ साहब पाँच वक़्त के पाबंद नमाजी रहे हैं और मोती मस्जिद कमेटी से भी वाबस्ता रह चुके हैं। उनकी दीनदारी और समाजी सरगर्मियों का असर घर के माहौल में साफ दिखाई देता है। अलविया की वालिदा युसरा खान ने भी बेटी की तरबियत में खास एहतिमाम बरता है। उन्होंने नन्ही उम्र से ही उसे दुआएँ, अखलाक और दीनी तालीम से आरास्ता किया। यही वजह है कि अलविया कमसिनी में भी सब्र, कनाअत और इताअत का सबक अमलन पेश कर रही हैं।

# टाण्डा में गूंजा जनसुनवाई का संदेशः डीएम-एसपी ने दिए सख्त निर्देश, अवैध कब्जे पर तत्काल कार्रवाई




शाह टाइम्स

**टाण्डा।** तहसील टाण्डा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस प्रशासनिक सक्रियता और जवाबदेही का सशक्त उदाहरण बना। कार्यक्रम में अजय कुमार द्विवेदी और विद्या सागर मिश्र की मौजूदगी ने फरियादियों को भरोसा दिलाया कि उनकी शिकायतें सिर्फ सुनी ही नहीं जाएंगी, बल्कि समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित भी होंगी।

**22 शिकायतें, 7 का मौके पर समाधान**

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 22 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 7 का निस्तारण तत्काल मौके पर कर दिया गया। राजस्व, पुलिस, विद्युत, पेंशन और विकास विभाग से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं। जिलाधिकारी ने उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया और फरियादियों के बच्चों को दुलार कर चॉकलेट वितरित कर मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया।

**पुनरीक्षण कार्य में बाधा पर सख्ती**

ग्राम पंचायत गागन नगला में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के दौरान बीएलओ द्वारा एक व्यक्ति पर कार्य में बाधा और धमकी देने की शिकायत की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम और एसपी ने संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए।

**अहमदाबाद में अवैध कब्जे पर टीम रवाना**

ग्राम अहमदाबाद में सड़क पर अवैध कब्जा कर पेड़ लगाए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तुरंत राजस्व एवं पुलिस टीम को मौके पर भेजा। साथ ही ऑनलाइन खतौनी की प्रतियां भी उपलब्ध कराई गईं, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हुई।

**अन्य तहसीलों का हाल**

सदर तहसीलः 22 शिकायतें, 4 का मौके पर निस्तारण
मिलक तहसीलः 9 शिकायतें, 2 का निस्तारण
स्वार तहसीलः 9 शिकायतें, 2 का निस्तारण
शाहबाद तहसीलः 10 शिकायतें, 2 का निस्तारण
बिलासपुर तहसीलः 13 शिकायतें, 3 का निस्तारण

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायतकर्ता की संतुष्टि सर्वोपरि रहेगी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस ने यह संदेश दिया कि प्रशासन जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील और जवाबदेह है – और हर शिकायत का समाधान प्राथमिकता है।

# टाण्डा तहसील में डीएम का वार्षिक निरीक्षण

## *लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश*

शाह टाइम्स

**रामपुर।** अजय कुमार द्विवेदी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत तहसील टाण्डा का वार्षिक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपजिलाधिकारी न्यायालय, अभिलेखागार कक्ष, भू-लेख अनुभाग, कम्प्यूटर कक्ष एवं रजिस्ट्रार कक्ष का क्रमवार निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी न्यायालय में लंबित वादों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने एक वर्ष से अधिक पुराने मामलों, धारा-24, धारा-116, ऑफलाइन आईजीआरएस एवं विरासत संबंधी प्रकरणों का परीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि एक वर्ष से अधिक पुराने वादों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पट्टा आवंटन की स्थिति की जानकारी लेकर समय-सीमा के भीतर कार्यवाही पूर्ण करने तथा अवैध कब्जों का चिन्हांकन कर कब्जा मुक्त कराने के निर्देश भी दिए। राजस्व वसूली की प्रगति संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी खतौनी कक्ष भी पहुंचे और वहां उपस्थित कृषकों से संवाद कर उनकी समस्याओं व निर्धारित शुल्क की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने व्यवस्थाओं को पारदर्शी एवं सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त मतदाता पंजीकरण केंद्र का निरीक्षण कर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा की गई। ईआरओ से नोटिस वितरण, डाटा फीडिंग, फार्म-6 की प्राप्ति, जनसुनवाई एवं साक्ष्य मिलान की प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# शाहबाद संपूर्ण समाधान दिवसः 10 शिकायतें प्राप्त, 2 का मौके पर निस्तारण



शाह टाइम्स

**शाहबाद।** शाहबाद तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 8 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों को अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी आशुतोष कुमार ने की। उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। एसडीएम ने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि सर्वोपरि रहेगी। इस अवसर पर बीडीओ धीरेन्द्र पाल सिंह, नायब तहसीलदार हरीश जोशी, नायब तहसीलदार राजेश कुमार और एसडीओ अलंकृत मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति-5.0: बाजारों व सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं को किया गया जागरूक




शाह टाइम्स

**रामपुर।** जनपद रामपुर में मिशन शक्ति-5.0 अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति केंद्र की टीमों एवं जनपद स्तरीय टीम ने बाजारों, शॉपिंग मॉल, पार्कों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। अभियान के दौरान महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा के उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से जुड़े प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही 1090 (महिला शक्ति हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) और 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) नंबरों की कार्यप्रणाली और उपयोगिता की जानकारी दी गई। घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ और ऑनलाइन उत्पीड़न की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया भी समझाई गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को पंपलेट, कॉमिक्स एवं अन्य जागरूकता सामग्री वितरित की गई, ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर अपने अधिकारों का प्रभावी उपयोग कर सकें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी।

